हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 29 मार्च 2025

14 नवरात्र का उत्साह, सजे शहर के बाजार



15 मासूम संध्या चार दिन बाद सकुशल बरामद






# नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन पहुंच रहे एक हजार से अधिक मरीज

- कुल 63 चिकित्सा अधिकारी संभाल रहे व्यवस्था, एचकेआरएन के तहत 159 कर्मचारी कार्यरत

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में बने ट्रॉमा सेंटर को सब रेफरल सेंटर के नाम से जानते हैं। यहां से फरवरी महीने में 231 मरीजों को उपचार के लिए पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया था। शहर के नागरिक अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्था को लेकर आरटीआई एक्टीविस्ट सतपाल हाड़ा ने जनसूचना अधिकार अधिनियम के माध्यम से कई जानकारियां जुटाई। बता दें कि बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से अधिक लोग चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए आते हैं। यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर भी लगातार सुर्खियां बनती हैं। चिकित्सकों के व्यवहार और अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठते रहते हैं। इन सबके बीच एक्टीविस्ट सतपाल हाड़ा ने सिविल सर्जन कार्यालय में आरटीआई लगाकर 8 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। बहादुरगढ़ व झज्जर के नागरिक अस्पतालों से संबंधित अधिकांश जानकारी डीएमएस-2 द्वारा 8 दिनों में उपलब्ध करवाने पर सतपाल भी संतुष्ट हैं। क्योंकि अधिकांश महकमे महीनों तक भी आरटीआई के तहत सूचना देने से परहेज

## फरवरी में 231 मरीज हुए रेफर




बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल परिसर में स्थित ट्रॉमा सेंटर, सतपाल हाड़ा। फोटो :हरिभूमि

### 31 हजार 635 मरीजों का इलाज नागरिक अस्पताल में

आरटीआई में प्राप्त जानकारी के अनुसार एक फरवरी से 28 फरवरी तक कुल 231 मरीजों को पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया था। जबकि 31 हजार 635 मरीजों का इलाज नागरिक अस्पताल में किया गया। यहां 6 एक्सरे मशीनों में से 4 मशीनें चालू हालात में हैं। जबकि दो अल्ट्रासाउंड मशीनों में फिक्स्ड मशीन खराब थी, जो 1 मार्च से ठीक काम कर रही है। इनके संचालन के लिए दो ऑपरेटर, एक रेडियोलॉजिस्ट व एक अल्ट्रासोनॉलॉजिस्ट नागरिक अस्पताल में कार्यरत हैं।

### झज्जर नागरिक अस्पताल से संबंधित जानकारी भी अब तक उपलब्ध नहीं

बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में 63 अधिकारी यहां सेवाएं दे रहे हैं। जिनमें 49 मेडिकल अधिकारी, 3 दंत सर्जन, 5 सीनियर मेडिकल ऑफिसर, 2 डीएमएस, एक एसडीएस व एक प्रधान चिकित्सा अधिकारी यहां व्यवस्था संभाल रहे हैं। इसके अलावा हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड माध्यम से यहां 159 कर्मचारी नियुक्त हैं। वहीं दूसरी ओर जनसूचना अधिकारी ने यहां उपलब्ध एम्बुलेंस के बारे में जानकारी नहीं दी है। झज्जर नागरिक अस्पताल से संबंधित जानकारी भी अब तक उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सतपाल इसकी प्रथम अपील करने की तैयारी कर रहे हैं।

## रविवार से हो रही चैत्र नवरात्रों की शुरूआत

# नवरात्र का उत्साह, सजे बाजार, दुकानदारों को आज जोरदार बिक्री होने की उम्मीद



झज्जर। पुराने बस स्टैंड के सामने सजी दुकान। फोटो :हरिभूमि

- निवरात्र में अखंड ज्योति जलाने से मां दुर्गा की कृपा से जीवन और मन का अंधियारा दूर हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चैत्र नवरात्रों की शुरूआत रविवार से हो रही है। नवरात्र पर्व को लेकर बाजार के दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों पर नवरात्र पूजा के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले सामान की स्टाल सजा ली है। शुक्रवार को शहर में कई स्थानों पर दुकानें सजी दिखाई दी। हालांकि दुकानदारों का कहना रहा कि अभी बिक्री मंदी है। शनिवार को जोरदार बिक्री होने की उम्मीद है। पूजा सामग्री विक्रेता जयभगवान ने बताया कि उनके पास नवरात्र के दौरान की जाने वाली समस्त पूजा सामग्री मौजूद है। नारियल-चुनरी, माता के श्रृंगार के सामान वाला पैकेट, माता की स्पेशल चुनरी, व्रत मिक्चर, साबुदाना, सामक, चिप्स के अलावा धूप, दीप, पीतल की ज्योत, इत्र, गूगल, लोबान, गोले-किशमिश आदि सहित सभी सामान उपलब्ध है। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि नवरात्र में अखंड ज्योति जलाने से मां दुर्गा की कृपा से जीवन और मन का अंधियारा दूर हो जाता है। श्रद्धालुओं को घर पर मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर आगामी नौ दिनों तक विधिवत रूप से मां के स्वरूपों की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। वहीं कस्बा बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में भी नवरात्र पर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पूरी तैयारियां कर ली गई है।



झज्जर। श्री गोपाल मंदिर में आयोजित हवन में आहूति डालते हुए श्रद्धालु।

### हवन में आहूति डालकर सर्वमंगल की कामना की

**झज्जर।** शुक्रवार को श्री गोपाल मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हवन व भंडारे के साथ समापन हो गया। कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज ने कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होती। भगवान के चरित्रों का स्मरण करना ही भक्ति है। श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता को आज भी श्रद्धा से याद किया जाता है। इस दौरान जैसे ही ना सर पे है पगड़ी ना तन पे है जामा, बता दो कन्हैया को नाम है सुदामा..बस एक बार मोहन से जा कर के कह दो के मिलने सखा बदनसीब आ गया है..अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो के दर पे सुदामा गरीब आ गया है..भजन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्री गोपाल मंदिर सेवा समिति द्वारा बाल व्यास पुनीत महाराज का अंग वस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं हवन में श्रद्धालुओं ने आहूति डालकर सर्वमंगल की कामना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कृष्ण लाल शर्मा, हंसराज गिरोत्रा, हरबंस लाल पोपली, अश्वनी पाहवा, डॉक्टर मनोहर तनेजा, अमित पोपली, मधु सेठी, अनीता गिरोत्रा, संगीता मिगलानी कमल लता शर्मा, अशोक काठपालिया, आशु, भावना काठपालिया, आशा तनेजा, संतोष शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में सफाई, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, जल आपूर्ति, बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, जिनमें से कई का मौके पर ही निपटारा किया गया।



बेरी। कस्बा बेरी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए डीएमसी सलोनी शर्मा।

### सफाई व्यवस्था का डीएमसी ने किया औचक निरीक्षण

**बेरी।** शुक्रवार को डीएमसी एवं एडीसी सलोनी शर्मा ने शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कबूलपुर मार्ग पर स्थित एमआरएफ सेंटर का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र मेले में सफाई सहित जरूरी सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नपा अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कहीं भी सफाई में कोताही बरती गई तो जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेरी माता भीमेश्वरी देवी की नगरी है, इसे स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। ऐसे में सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत अब तक 5269 नए घरों का सर्वे

- हर जरूरतमंद परिवार के सिर पर पक्की छत हो ,इसके लिए हरियाणा सहित देशभर में पीएम आवास योजना ग्रामीण लागू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रत्येक गरीब परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्थायी आवास प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्ध है। हर जरूरतमंद परिवार के सिर पर पक्की छत हो ,इसके लिए हरियाणा सहित देशभर में पीएम आवास योजना ग्रामीण लागू की गई है। जिले में इस योजना के तहत अब तक 5269 नए घरों का सर्वे हो चुका है और 1599 परिवारों को 45-45 हजार रुपए की पहली किस्त जारी की जा चुकी है।

यह जानकारी जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुख्य उद्देश्य है कि गरीबी रेखा पर बैठे अंतिम व्यक्ति तक इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पहुंचे।



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना।



स्कूल परिसर में परीक्षा परिणाम को लेकर चर्चा करते हुए अभिभावक व अध्यापक।

### इंडो अमेरिकन स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**झज्जर।** शुक्रवार को इंडो अमेरिकन स्कूल में 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल में परीक्षा परिणाम थीम को लेकर बहुत ही सुंदर सजावट की गई। कई जगह सेल्फी प्वाइंटस बनाए गए। जहां विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने अपनी बहुत सारी सेल्फी ली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी में प्रथम अंशिका, अधीर, गुंजन, हर्षिता, हितेश, जयंत, लक्षिता,रिद्धि, सिद्धांत, याशवी, द्वितीय रिशा व काव्या तृतीय स्थान पर रही। एलकेजी में दिव्यांशी, दिव्या, कॉफी, कुसंक, कनिष्का, मिहिर, नमन, नियति, स्वरा, वान्या,वंशिका प्रथम, सनाया, हेजल, दित्या, लविसा द्वितीय व सात्विक गोमिका, अंशिका, देव तृतीय स्थान पर रहे हैं। यूकेजी से भवि, मानव, प्रिंस, रूद्र, रिहांश, सुयश, सिंपी प्रथम स्थान पर, आर्यन यादव, चंचल, तरुण, कनक, काव्या, सिया द्वितीय तथा प्रतीक, तनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली से धानी, रियांश ने प्रथम, अमन, अंश, गुंजन, नव्या, नायरा, नयन, शौर्य ने द्वितीय अक्ष, तामसी, यांश, यशिका, अक्षिका, हिमांशी,करण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी से कीर्ति, विशेष, चहक, दक्ष ने प्रथम, विहान, पुलकित, प्रवीर ने द्वितीय व दीपाली, गौरव, मयंक, कनक, दक्ष, पीयूष, देव, हर्षित व युवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी में निकुंज, साक्षी, एकांश, रिहान ने प्रथम, तनिष, हिमांश, इशिका, प्रज्ञा, मेधावी, केशव ने द्वितीय व हर्ष, त्वरिता, पूर्वी, चारवी, देवेन, तनव गोदारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चौथी कक्षा में हुनर, हार्दिक, छमुन ने प्रथम , पायल व गरिमा ने द्वितीय, रेयांश, यक्ष, राशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पांचवी कक्षा में यश, दिव्यांशी, पलक, शगुन, सोनम ने प्रथम, कुनाल, विप्लव, लवली ने द्वितीय व अर्पित, याशिका, कार्तिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने होनहार विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साहवर्द्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को सामाजिक जागरूकता से ही किया जा सकता है समाप्त

**बेरी।** सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सजगता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा हैं। क्षेत्र में बेटियों की जन्म दर को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को मिल कर प्रयास करने होंगे। कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को सामाजिक जागरूकता के दम पर ही समाप्त किया जा सकता है। यह बात एसडीएम रेणुका नांदल ने शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक कही। उन्होंने कहा कि बेरी उपमंडल के कुछ गांवों में अभी भी लिंगानुपात की दर को बढ़ाए जाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसा पाप सामाजिक ही नहीं, कानूनी रुप से भी जघन्य अपराध है। ऐसा कोई मामला सामने आता है तो दोषियों को कड़ी सजा दिलवाई जाएगी।



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

# भाषण में प्रथम रही दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। झुग्गी-झोपड़ियों के मध्य जाकर स्वयंसेविकाओं ने केले व सेब वितरित कर स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने नारी सशक्तिकरण व सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।दीप प्रज्वलन के बाद विस्तार व्याख्यान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका, दूसरे स्थान पर राखी, तीसरे स्थान पर साक्षी व रक्षा रही। प्राची ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कहा कि इस तरह के शिविर छात्राओं और शिक्षकों के बीच निरंतर बातचीत के माध्यम से स्वैच्छिक कार्य की भावना को विकसित करते है। उन्होंने कहा कि विकास का जीवन चक्र दृष्टिकोण झुग्गी-झोपड़ियां में रहने वाले बच्चों, वंचितों के लिए शिक्षा के द्वार खोलने से शुरू होता है। आरएसओ सचिव सुधीर भारद्वाज ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस उम्र में बच्चे पढ़ाई और परीक्षा जैसे कई तरह के तनाव और चुनौतियों का सामना करते हैं। कम्युनिकेशन स्किल को लेकर स्वयंसेविकाओं को अपडेट किया। एनएसएस अधिकारी प्रवेश दहिया ने बताया कि शिविर के दौरान झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों की जीवन शैली से स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया गया। यूथ रैडक्रॉस प्रभारी डॉ. नेहा नैन के अनुसार कार्यक्रम में 59 स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रीति ने सभी स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया।



बहादुरगढ़। झुग्गियों में सेब-केले वितरित करती स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। व्याख्यान के दौरान मौजूद स्वयंसेविकाएं व स्टॉफ।

## न्यूज डायरी

### एसडीएम कार्यालय से सेवादार बबली हुई सेवानिवृत्त

**झज्जर।** शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में कार्यरत सेवादार बबली सेवानिवृत्त हो गई। स्टाफ सदस्यों ने एक समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। एसडीएम रविंद्र यादव ने बबली के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि नौकरी में आने के साथ ही सेवानिवृत्ति का समय निर्धारित होता है। सेवानिवृति तक कर्मठता व कार्यकुशलता से अपना कार्यकाल पूरा करने वाले व्यक्ति भाग्यशाली होते हैं। सेवादार बबली 24 साल 9 महीने व 11 दिन की सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हो गई। उन्होंने बबली के उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की।



झज्जर। सेवादार बबली को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए एसडीएम रविंद्र यादव।

### विद्यार्थियों को किया प्रकृति से प्रेम करने के प्रति प्रेरित

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में इको क्लब, ईवीएस क्लब, गो ग्रीन क्लब और नेचर इंटरप्रेटेशन क्लब ने पर्यावरण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में उप वन संरक्षक झलकार सिंह बतौर मुख्य अतिथि और वन रेंज अधिकारी हितेश डागर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्राध्यापक अरविंद कुमार ने किया। मंच संचालन पुष्पेंद्र कादियान ने किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रकृति से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि झलकार सिंह ने बताया कि हरियाणा में वन क्षेत्र सिर्फ चार प्रतिशत है, जिसको बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वन विभाग के साथ मिलकर जिले में वन क्षेत्र को अगले दस सालों में कम से कम दस प्रतिशत करने के लिए विद्यार्थी अपना सक्रिय योगदान दें।

### तीन गांवों के 13 एकड़ में 3 कॉलोनियों पर चली जेसीबी



बहादुरगढ़। शुक्रवार को अवैध कॉलोनी में रास्ते उखाड़ी डीटीपी की जेसीबी।

**बहादुरगढ़।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र से सटे 3 गांवों में 12 एकड़ भूमि में बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। राजस्व सम्पदा निवाज नगर में 13 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 65 डीपीसी तथा 15 चारदीवारी व 5 अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। गांव कसार, खेड़का मुसलमान और सराय औरंगाबाद के रकबे में लगभग 12 एकड़ एरिया में 3 अनाधिकृत कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। इस दौरान 3 डीपीसी, मिट्टी की सड़कें और सीमांकन ध्वस्त कर दिए गए। जिला नगर योजनाकार अधिकारी मनीष दहिया की अगुवाई में यह कार्रवाई हुई। मौके पर एटीपी सतीश और कनिष्ठ अभियंता सुमित के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। योजनाकार अधिकारी ने लोगों से कहा कि नियंत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति न करें। महानिदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा व चंडीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। आमजन से भी अपील है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। क्षेत्र में पनप रही अवैध कालोनियों में पहले भी डीटीपी अमले द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा चुकी है। लेकिन अवैध निर्माण उखाड़ने और गिराने के बाद कॉलोनाइजर फिर से मकान बनाकर बेच देते हैं। डीटीपी ने कहा कि अवैध निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## पार्षद ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग उठाई

# रेलवे की जमीन पर गंदगी की भरमार

- गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को परेशानी हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार के विकास नगर में बराही फाटक के साथ मौजूद रेलवे की जमीन कचरा डालने का अड्डा बन गई है। गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। बीमारी फैलने का भय है। इस समस्या को देखते हुए वार्ड-1 के पार्षद रजनीश मोनू ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन अधीक्षक कार्यलय में अधिकारियों को पत्र सौंपा। जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग उठाई है। यह समस्या वर्षों पुरानी है। दरअसल, फाटक के एक तरफ तो रेलवे पार्क बनाया गया है, जहां सुबह, शाम काफी लोग टहलने आते हैं लेकिन दूसरी तरफ हर वक्त गंदगी की भरमार रहती है। लोगों द्वारा यहां कचरा डाला जाता है। इस कारण आसपास रहने वाले लोगों को दिक्कतें होती है। दिनभर में यह फाटक कई बार बंद होती है। इस दौरान राहगीरों को गंदगी भरे माहौल में रहना पड़ता है। जिससे उनके बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, यहां कचरे के ढेर में बेसहारा पशु मुंह मारते हैं। कई बार ये पशु लड़ पड़ते हैं। ऐसे में यहां दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। पार्षद रजनीश मोनू का कहना है कि समस्या बेहद गंभीर है। इससे क्षेत्र की सुंदरता और छवि दोनों बिगड़ रही है। यह जमीन रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आती है। इसलिए रेलवे के अधिकारी इस तरफ ध्यान दें। यहां कचरा डालने पर रोक लगाई जाए। रेलवे की ओर ये यहां चेतावनी बोर्ड लगाकर एक कर्मचारी तैनात किया जाए और कचरा डालने वालों पर जुर्माना लगाया जाए ताकि समस्या का समाधान हो सके। लाइनपार के निवासी बालकिशन भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कचरे को साफ कर यहां पार्क बनाया जाए तो क्षेत्र की सुंदरता बढ़ जाए।



बहादुरगढ़। रेलवे अधिकारी को ज्ञापन पत्र सौंपते पार्षद रजनीश मोनू।

### प्राकृतिक खेती कर अपनी आय बढ़ाएं किसान

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड कृषि अधिकारी डॉक्टर अशोक रोहिल्ला ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों, तकनीकी विषय विशेषज्ञों तथा विभागीय अधिकारियों को विचार साझा करने का एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जिले में उत्कर्ष कार्य करने वाले प्रगतिशील किसान सभी के साथ अपनी सफलता की कहानी तथा अनुभव को सांझा कर सके, इसके लिए इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं ।

## खबर संक्षेप

### मरम्मत कार्य के कारण बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**झज्जर।** शनिवार को 33 केवी सापंला रोड सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य सुबह सात से दस बजे तक चलेगा। एसडीओ शहर ने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण फीडर बंद रहेंगे। जिसके कारण बेरी गेट, सांपला रोड, छारा चुंगी, सीताराम गेट, अंबेडकर चौक, डायमंड चौक, मेन बाजार, बीकानेर चौक, भट्टी गेट, लाल खानिया, दुर्गा मौहल्ला, रिवाला गेट, सेक्टर नौ बहादुरगढ़ रोड, कैमलगढ़ गांव, नेहरू कॉलेज, देव नगर कॉलोनी, माता गेट, जयहिंद कॉलोनी, घोसियान मौहल्ला, बस्ती राम मौहल्ला बिजली आपूर्ति रहेगी।

### सरकारी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया एक से

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 23 मार्च से शुरु हो चुका है व आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि प्रवेश उत्सव के तहत जिले के सभी सरकारी स्कूलों में एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी।

### साइबर ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना की टीमों द्वारा पार्ट टाइम जॉब और कम समय में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर साइबर फ्रॉड करने के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय मलिक ने बताया कि एक मामले में बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई अनिल कुमार की टीम द्वारा दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विवेक निवासी मेघावाल जिला जोधपुर राजस्थान व नितेश निवासी मेघवाल जोधपुर राजस्थान के तौर पर की गई। वहीं दूसरे मामले में बादली निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई दीपक कुमार की टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास निवासी गांव चौपासनी सुंदर बालाजी कॉलोनी जिला जोधपुर राजस्थान व दिलीप निवासी संजय कॉलोनी जिला जोधपुर हाल चौपासनी सुंदर बालाजी कॉलोनी जिला जोधपुर राजस्थान के तौर पर की गई।

# जटवाड़ा मोहल्ले में 50 साल पुरानी जर्जर सीवर लाइन में लीकेज से धंस रहे मकान

■ मोहल्ले की खाती वाली में गली में 1978 में डाली गई थी सीवरेज लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड-16 के जटवाड़ा मौहल्ला की खाती वाली में में करीब 50 साल पुरानी सीवर लाइन जर्जर हो चुकी है। यह सीवर लाइन समय-समय पर बंद हो जाती है और लीकेज होती रहती है। गली के कई घर धंस चुके हैं और दरारें आ रही हैं। पूर्व पार्षद गुरदेव राठी ने अधिकारियों से इस जर्जर लाइन को अविलंब बदलने की मांग की है।

स्थानीय निवासी लोकेश जांगड़ा, ललित, नरेश, सुभाष, कुलदीप चौहान, रामेश्वर, हरबीर व मोनी जांगड़ा आदि ने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत उनकी गली में नई पेयजल लाइन डाली गई थी। पानी के कनेक्शन भी लीक हो गए हैं। गली में 7-8 जगह पानी निकल रहा है। साइडों से मकान भी धंसने लगे हैं। उन्होंने पूर्व पार्षद गुरदेव राठी को समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बुलाए और


बहादुरगढ़। खातियों वाली गली में लीकेज का समाधान करवाते गुरदेव राठी।

पानी की सप्लाई चालू करवाई। इस गली में सीवर की लाइन वर्ष 1978 में डाली गई थी। इसे बदलवाया जाए और फिर गली व नाली नए सिरे से बनाई जाए। गली के लोग इस कारण खासे परेशान हैं। लोगों ने कहा कि प्रशासन इस गली की जर्जर सीवर लाइन को बदले। क्योंकि जर्जर सीवर लाइन समय-समय पर जाम हो जाती है। लीकेज के कारण गंदा पानी मकानों की नींव में रिस रहा है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं होता। पूर्व पार्षद गुरदेव राठी ने कहा कि इस समस्या का समाधान करवाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। यहां की सीवर लाइन ही जर्जर हो चुकी हैं। सीवर लाइन को बदलने के बाद ही गली की समस्या का समधान होगा। वरना समय-समय पर सीवर लाइन जाम होती रहेगी और लोगों को परेशान करती रहेगी।

### प्लॉट में डेयरी वेस्ट डालने पर दी शिकायत

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित एक खाली प्लॉट में एक परिवार की ओर से गोबर व कचरा आदि डाला जा रहा है। इस वजह से आसपास के लोग परेशान हैं। विरोध करने पर उनके साथ झगड़ा किया जा रहा है। परेशान होकर एक परिवार ने प्लॉट मालिक के खिलाफ सीएम विंडो में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। पटेल पार्क के निवासी विजय कुमार का कहना है कि हमारे मकान के साथ एक प्लॉट है। प्लॉट के मालिक द्वारा उसमें लगातार गोबर डाला जा रहा है। इस वजह से गंदगी भरा माहौल है। दुर्गंध फैली रहती है तथा मच्छर मक्खी भी पनपे रहते हैं। इतना ही नहीं, प्लॉट में मरे हुए पशु तक दफना दिए जाते हैं। आसपास रहने वाले लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बीमारियां फैलने का डर है। प्लॉट मालिक को गोबर न डालने की कहते हैं तो वह झगड़ता है। वीरवार को भी उसने मेरे बेटे पर हमला कर दिया। मामले में कार्रवाई की जाए।

## मेन बाजार में शौचालय न होने से लोग परेशान


बहादुरगढ़। शहर के मेन बाजार से गुजरते नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के मेन बाजार में रोजाना बड़ी तादाद में लोग खरीदारी करते हैं लेकिन यहां उनके लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है। लगातार बाजार में शौचालय की व्यवस्था करने की मांग उठ रही है लेकिन इस दिशा में कदम नहीं उठाया जा रहा। मेन बाजार के दुकानदार राजेश गुप्ता का कहना है कि शहर के तमाम बाजारों में यह समस्या बेहद गंभीर है। बात मेन बाजार की करें तो यहां लाल चौक से लेकर गांधी चौक तक बड़ी संख्या में दुकानें हैं। शहर व आसपास के गांवों से लोग यहां खरीदारी करने आते हैं लेकिन हैरानी भरी बात ये कि बाजार में एक भी शौचालय नहीं है। नवीन जैन ने कहा कि दुकानदार इधर-उधर खाली प्लॉटों, गलियों में लघुशंका करने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी तो इन दुकानों में काम करने वाली महिला कर्मचारियों तथा बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को होती है। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। निशु सिंहल ने कहा कि बाजार में प्याऊ व शौचालय की व्यवस्था तो होनी ही चाहिए। दुकानदारों को भी विरोध करने के बजाय इस दिशा में सहयोग करना चाहिए।

### एमडीएस की छात्रा लकिशा का हुआ चयन



**बहादुरगढ़।** जसौरखेड़ी के एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा लकिशा देशवाल का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। मेधावी छात्रा के चयन पर स्कूल, परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। डायरेक्टर कविता देशवाल ने छात्रा के नवोदय में चयन पर अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके अनुसार अब स्कूल के 40 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो चुका है। प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने अन्य बच्चों से भी होनहार छात्रा लकिशा से प्रेरणा लेकर शानदार प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे पाने के लिए कठोर परिश्रम करने की सलाह दी। लक्ष्य निर्धारण के साथ ही नियमित रूप से मन लगाकर किया गया कार्य ही सफल बनाता है।

## जिले में सरसों की खरीद में तेजी, किसानों के चेहरे खिले

**बहादुरगढ़।** शहर की अनाज मंडी में सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। शुक्रवार को खरीद में तेजी देखने को मिली। कुल 1041 क्विंटल सरकारी खरीद हुई। अब तक मंडी में 2257 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है।दरअसल, सरकार द्वारा निर्धारित की गई तिथि से दस दिन बाद बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया शुरू हुई थी। बीते चार दिन से खरीद हो रही है। शुक्रवार को खरीद में तेजी देखने को मिली। शुक्रवार को 62 गेट पास कटे थे और कुल 1144 क्विंटल सरसों की फसल आई। जिसमें से 1041 क्विंटल की सरकारी खरीद हुई। इससे पहले वीरवार को 612, बुधवार को 509 तथा मंगलवार को 87 क्विंटल खरीद हुई थी। कुल मिलाकर अब तक यहां 2257 क्विंटल फसल हैफेड एजेंसी द्वारा खरीदी जा चुकी है। सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये तय किया गया है।

### झज्जर में 1117.15 एमटी सरसों की हुई खरीद

**झज्जर।** जिले में रबी सीजन की सरसों खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में 1117.15 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है, जबकि 4448 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को तय समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें और खरीदी गई सरसों की लिफ्टिंग में तेजी लाएं, ताकि मंडियों में जगह की समस्या न हो। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्टोरेज को लेकर बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करें। जिससे लिफ्टिंग के कार्य में किसी प्रकार की देरी ना हो। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अनाज मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो।

### विजयलक्ष्मी की पुस्तक का विमोचन

**बहादुरगढ़।** लेखिका विजयलक्ष्मी भारद्वाज की पुस्तक वीरांगना वंदन गाथा स्वतंत्रता का विमोचन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस दौरान उन्होंने वीरांगनाओं की शौर्य गाथा पढ़ी। विमोचन करते हुए प्रवल प्रताप सिंह राणा, सुमन कुमार पूर्णिया, आस्था शर्मा, डॉ निर्मल गुलिया व यूसुफ बिलाल आदि ने इस पुस्तक की खूब सराहना की। इतिहास को उजागर करते हुए यह पुस्तक गद्य और पद्य दोनों में लिखी गई है। विजयलक्ष्मी भारद्वाज ने सभी कर आभार व्यक्त किया। अब तक उनकी सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## मासूम संध्या चार दिन बाद सकुशल बरामद

■ बच्ची के शहर के पुराने बस अड्डे पर मिलने से पुलिस ने राहत की सांस ली

**बहादुरगढ़।** चार दिन की कड़ी भागदौड़ के बाद पुलिस ने लापता मासूम बच्ची सकुशल बरामद कर ली है। बच्ची बहादुरगढ़ के पुराने बस अड्डे पर पाई गई। बच्ची के सकुशल मिलने से जहां पुलिस ने राहत की सांस ली है तो, वहीं परिजनों की भी जान में जान आई है।

दरअसल, बिहार मूल का एक परिवार यहां कबाड़ी मार्केट में रहता है। इस परिवार की पांच वर्षीय बेटी संध्या सोमवार की शाम को मकान के बाहर खेलते वक्त संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। रातभर नहीं मिली तो अगले दिन मंगलवार को पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज किया।


पुलिस अधिकारी के साथ बच्ची व मां।

शहर में लगे 200 से अधिक कैमरे खंगाल डाले। इस दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में बच्ची के साथ एक महिला नजर आई। पुलिस ने महिला तक पहुंचने के प्रयास किए लेकिन वह नहीं मिली। चार दिन से सिटी थाना, सीआईए वन, सीआईए टू व एवीटी आदि की टीमें भागदौड़ कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को बच्ची संध्या बहादुरगढ़ के पुराने बस अड्डे पर मिली। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराने व उसे अभिभावकों को सौंपने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा फुटेज में बच्ची को ले जाती दिखाई दे रही महिला की तलाश की जा रही है। बताते हैं कि चार दिन से बच्ची उसी के पास थी। बच्ची को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है। वह बच्ची को क्यों लेकर गई, ये फिलहाल सवाल बना हुआ है। उसकी गिरफ्तारी और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बहरहाल, बच्ची को पाकर उसके अभिभावकों ने चैन की सांस ली है। वहीं चार दिन से जद्दोजहद कर रही पुलिस को भी राहत मिली है।

मामले में जानकारी देते हुए एसीपी क्राइम प्रदीप कुमार ने बताया कि बच्ची सकुशल बरामद कर ली है। मेडिकल कराने के बाद परिजनों को सौंप दी जाएगी। मामले में जांच जारी है

## चोर गैंग का पर्दाफाश, छह आरोपी काबू

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा गाड़ी से सामान चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी रीना ने बताया कि प्रवीण निवासी खरकड़ा बास जिला महेंद्रगढ़ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भगवान दास निवासी देहसरा राई जिला सोनीपत, मोसिन निवासी डूहरी हापुड़ उत्तर प्रदेश, प्रवेज निवास खिर्वा सरदना जिला मेरठ, गौरव निवासी पल्ला गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश, बिंटू निवासी मवीकला खेकड़ा उत्तर प्रदेश, दीपक निवासी खिखा मेरठ उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की गई।



प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने पहले भी कई चोरियां की है।

जिनसे आधा दर्जन से ज्यादा वारदातों का खुलासा हुआ है। सभी मामलों में भगवान दास मुख्य आरोपी है और उस पर राजस्थान, यूपी, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### सुनील कुमार सहायक उपनिरीक्षक पदोन्नत

**बहादुरगढ़।** थाना सदर बहादुरगढ़ में तैनात मुख्य सिपाही सुनील कुमार सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पुलिस उपायुक्त बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा ने सुनील कुमार के कंधों पर स्टार लगाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीसीपी ने कहा कि पदोन्नति के बाद आपकी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। इसलिए आपको और अधिक मेहनत, लगन व सच्ची निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना होगा। अन्य पुलिस कर्मियों के लिए खुद को एक रोल मॉडल स्थापित करना है।


बहादुरगढ़। सुनील कुमार को स्टार लगाते डीसीपी।

### निबंध लेखन में मंजू रही प्रथम



**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में कंप्यूटर विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए, बीकॉम व बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंप्यूटर विभाग से संयोजिका डॉक्टर सुनीता, सरिता, पूजा व ज्योति ने विद्यार्थिंयों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में मंजू बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम, रश्मि बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय व आरती बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉक्टर सीमा कुंडू, डॉक्टर जितेंद्र सिंह व डॉक्टर भारतेंद्र श्योराण ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

### विद्यार्थियों ने गणित पिक्शनरी स्पर्धा में दिखाया टैलेंट

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में गणित विभाग की मैथोहोलिक सोसायटी ने गणित पिक्शनरी प्रतियोगिता करवाई। इसमें 9 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में दो विद्यार्थी शामिल रहे। प्राचार्य प्रो. सुमन हुड्डा ने सभी टीमों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। गणित विभाग के एचओडी डॉ. मुकेश सिंह ने विद्यार्थियों को विषय के बारे में प्रेरित किया। इसमें विभिन्न विभागों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अमित-कदंभ ने प्रथम, काजल-गरिमा ने द्वितीय और अंजू-आशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. अनूप कुमार, प्रो. रीना और प्रो. राकेश सिंह निर्णायक मंडल में शामिल रहे। इस अवसर पर प्रो. नीतू, प्रो. राजीव, प्रो. पिंकी, सीनियर लाइब्रेरियन नरेश दलाल आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. अनुराधा ने छात्र अध्यक्ष दीपक, उपाध्यक्ष अंकिता, नेहा व पूजा के सहयोग से किया।



### नगर परिषद ने तैयार की योजना

# बेसहारा गोवंश को नंदीशाला में छोड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ एजेंसी को टेंडर अलॉट, एक- दो दिन में शुरू होगा पकड़ने का काम

आम आदमी के लिए प्राण घातक साबित हो रहे बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए नगर परिषद ने तैयारी शुरू कर दी है। बेसहारा गोवंश को गोशालाओं, नंदी शाला में छोड़ा जाएगा। इस संबंध में एजेंसी को टेंडर अलॉट कर दिया गया है। अधिकारियों द्वारा आगामी एक-दो दिन में यह कार्य शुरू होने की बात कही जा रही है। दरअसल, बहादुरगढ़ में बड़ी संख्या में बेसहारा गोवंश हैं। गलियों, सड़कों पर मंडराते ये गोवंश आम नागरिकों के लिए खतरा बने हुए हैं। बहादुरगढ़ में इन गोवंश के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। कुछ दिन पहले ही यहां महावीर मंदिर वाली गली में एक युवक को गाय ने बुरी तरह से रौंद दिया था। जिसकी सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर खूब वायरल हुई। वहीं इससे पहले माल गोदाम रोड पर एक प्रवासी युवक की गोवंश के हमले में जान चली गई थी, जबकि एक एसपीओ घायल हो गया था। कुल मिलाकर यहां बहादुरगढ़ में आधा दर्जन से अधिक लोगों की गोवंश के हमलों में मौत हो चुकी है। घायलों का आंकड़ा तो इससे कहीं अधिक है।

इस समस्या को देखते हुए लोगों द्वारा लगातार गोवंश को आबादी से बाहर करने की मांग उठाई जा रही थी, ताकि हादसे न हों। न केवल बहादुरगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश में इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं, जिस पर सरकार ने संज्ञान लिया। यहां बहादुरगढ़ में तो नगर परिषद की ओर से गोवंश पकड़ने का टेंडर अलॉट कर दिया गया है। एक गाय पकड़ने पर 2394 रुपये खर्च आएगा।


बहादुरगढ़। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के पास गोवंश का जमावड़ा।

### नैन फाउंडेशन को टेंडर अलॉट



सरकार के निर्देशानुसार, बेसहारा गोवंशों को नंदीशालाओं, गोशालाओं में छोड़ा जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नैन फाउंडेशन को टेंडर अलॉट किया है। पशु पालन विभाग से लेटर लिखकर गोशालाओं, नंदीशालाओं की सूची मांगी गई है, ताकि वहां इन बेसहारा गोवंशों को शिफ्ट किया जा सके। आगामी, एक-दो दिन में यह काम शुरू हो जाएगा।

**- संजय रोहिल्ला,** ईओ, नगर परिषद बहादुरगढ़

## वैश्य बीएड कॉलेज में लगा प्लेसमेंट फेयर



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में शुक्रवार को प्लेसमेंट फेयर का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। प्लेसमेंट फेयर में आए स्कूलों ने आवश्यकतानुसार अलग-अलग विषयों के 35 योग्य विद्यार्थियों का चयन किया और उन्हें अपने स्कूलों में डेमोंसट्रेशन के लिए बुलाया। प्लेसमेंट फेयर की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके हुई। फेयर में ईडन ऑक इंटरनेशनल स्कूल, अशोका इंटरनेशनल स्कूल, शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल, वैश्य आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट सोल्जर स्कूल, मान सिंह हाई स्कूल, शारदा मिडिल स्कूल, जय भारत हाई स्कूल, टाइगर डिफेंस अकेडमी के अध्यापकों व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्लेसमेंट फेयर के माध्यम से भावी अध्यापिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने उपस्थित भावी अध्यापिकाओं को लक्ष्य निर्धारण करने तथा योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल के प्रिंसिपल प्रवीण शर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

**Public Notice**

WHEREAS the Director, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh (DTCP), has granted license no. 44 of 2024 dated 12.03.2024 to Well Built Real Estates LLP for setting up of Affordable Residential Plotted Colony (under Deen Dayal Awas Yojna-2016) over measuring 7.43125 acres, in Village Bamnoli, Sector-49, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar.

And Whereas on the request of Well Built Real Estates LLP for additional License and modification of layout plan the DTCP has granted letter of intent vide memo No. LC-5127-B/JE(MK)/2025/9882 Dated 19-03-2025 .

An additional License with revised Layout Plan is purposed to be approved again with additional area measuring 4.21875 acres in addition to the earlier approved License No 44 of 2024 area measuring 7.43125 acres, total land area measuring 11.65 acres.

And Whereas, the office of DTCP has required seeking of objections for revision of layout plan of Affordable Residential Plotted Colony for area measuring 11.65 acres. Accordingly, vide this public notice objections, if any, are hereby invited from the general public and existing allottees for the above said revision of layout plan. A copy of the earlier approved layout plan and the layout plan now to be revised, are available for perusal on our website www.wbresidency.com. The said building plans can also be perused at the office undersigned, as well as in the office of Senior Town Planner, Rohtak.

Objections, if any may be filled in the office of the Senior Town Planner, Rohtak, with a copy to the undersigned, within 30 days of publication of this notice failing which it shall be assumed that there are no objections to the above said revision of layout plan.

Anurag Gupta
Partner
Well Built Real Estates LLP
Site Office : Village Bamnoli, Sector-49, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar

GOHANA
ROHTAK
JHAJJAR

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

BAHADURGARH
SAMPLA
DIGHAL

Chukde Spices Combo
GET FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE

# BIG SALE
29 MARCH TO 04 APRIL

UPTO 80% OFF

*T&C APPLY

## WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹125
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹135
- MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹89
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹77
- FRESCA JUICE 1Ltr. — BUY 1 GET 3 FREE
- TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹540 — OUR PRICE ₹379
- ORION CHOCO-PIE 25X10 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- KAAJU 500G — OUR PRICE ₹490
- WALLNUT (AKHROT) 250G — OUR PRICE ₹365
- KISHMISH JUMBO SIZE 1KG — OUR PRICE ₹310
- SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- DABUR HONEY 650GM MRP ₹315 — OUR PRICE ₹219
- DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE — 50% OFF
- RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 — OUR PRICE ₹95
- frooti mango drink 40pcs MRP ₹400 — OUR PRICE ₹340
- HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML MRP ₹180 — OUR PRICE ₹155
- dabur chyawanprash gur 540gm MRP ₹240 — OUR PRICE ₹150
- LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 — OUR PRICE ₹185
- CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 — OUR PRICE ₹949
- KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg — 40% OFF ON MRP
- Rajdhani corn flakes 475gm — 50% OFF ON MRP
- HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE 623GM MRP ₹250 — OUR PRICE ₹155

नवरात्रि SPECIAL OFFER

- KEPLER SABUDANA 200G — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. — BUY 1 GET 1 FREE
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 — OUR PRICE ₹152
- GO CHEESE SLICE 200gm — BUY 1 GET 1 FREE
- RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA — BUY 2 GET 1 FREE
- PREET LITE GHEE 1Ltr. — OUR PRICE ₹315
- VADILAL ICE CREAM — UPTO 50% OFF ON MRP

. Chipps . Marunda . Mixture

- MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. — OUR PRICE ₹549
- FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 — OUR PRICE ₹159
- HITKARY ALL VARIENTS 700ML — 20% OFF ON MRP
- PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 — OUR PRICE ₹1428
- KELLOGG'S OATS JAR 850G MRP ₹244 — OUR PRICE ₹140
- AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 — OUR PRICE ₹435
- ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR — 33% OFF
- SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 — OUR PRICE ₹699
- SANI FRESH ADVANCED TOILET CLEANER 520ML — BUY 1 GET 1 FREE
- HALDIRAM'S ALL VARIANTS — 12.5% OFF
- MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99
- DUKES Waffy — BUY 1 GET 1 FREE
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR 2L WITHOUT OFFER — OUR PRICE ₹69
- CADBURY BOURN VITA POUCH 750GM — 10% OFF
- TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 — OUR PRICE ₹799
- ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 — ₹250 OFF
- Nimeasy dish wash gel 1L — 50% OFF ON MRP
- ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG — BUY 1 GET 1 FREE

UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!

- Dollar — 30%
- JOCKEY — 20%
- BODYCARE — 20%
- VANHEUSEN — 20%
- MACROMAN — 30%
- U.S. POLO ASSN. — 20%
- [logo] — 30%
- LUX cozi — 30%
- MACHO UNDERWEAR — 30%

- k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- Scotch Brite SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS — UPTO 10% OFF ON MRP
- KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP — BUY 1 GET 1 FREE
- HERBS AND HILLS ALL RANGE — 25% OFF ON MRP
- PAPER BOAT SWING 1.2L — BUY 1 GET 1 FREE
- SATMOLA • GULAB JAMUN • RASGULLA — BUY 1 GET 1 FREE
- MOTHER'S PICKLE SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SAFE HARVEST • RICE • DAAL • ATTA — 25% OFF ON MRP

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
Contact: +91-8199999480

**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.